# ट्रांसफर होने पर 6 माह में खाली करना पड़ेगा सरकारी मकान

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 28 अक्टूबर. ट्रांसफर होने के बाद भी राजधानी भोपाल में सरकारी मकानों पर कब्जा जमाये रखना शासकीय सेवकों के लिये आसान नहीं होगा. अब शासकीय सेवक को ट्रांसफर होने के 6 माह के भीतर शासकीय आवास खाली करना होगा.**



कैबिनेट ने मंगलवार को भोपाल स्थित शासकीय आवास आवंटन नियम 2000 के नियम 17 एवं नियम 37 में संशोधन को मंजूरी दे दी है. निर्णय के तहत ट्रांसफर होने पर अधिकतम 6 माह तक ही सामान्य दर पर आवास रख सकेगा. इसी तरह सेवानिवृत्त होने की स्थिति में शासकीय सेवक 6 माह तक आवास धारण कर सकेगा. सेवानिवृत्त शासकीय सेवक पहले 3 माह की अवधि के लिए आवंटित आवास सामान्य दर पर धारण कर सकेगा. उसके बाद अगले 3 माह की अवधि के लिए किराया सामान्य दर से 10 गुना दर पर आवास धारण कर सकेगा. ये समय बीतने के बाद फिर पैनाल्टी लगाई जाएगी, वहीं बेदखली की कार्यवाही भी की जायेगी.

पहले केवल 3 माह तक ही शासकीय आवास धारण करने की अनुमति थी. इसी तरह त्यागपत्र देने, सेवा से पृथक होने अथवा अन्य किन्ही कारणों से आवास रखने के लिए अनधिकृत होने पर 3 माह तक की अवधि के लिए शासकीय सेवक द्वारा सामान्य दर पर आवास धारित किया जा सकेगा. 3 माह की अवधि के के बाद दाण्डिक किराया वसूल किया जाएगा एवं बेदखली की कार्यवाही की जायेगी.

वहीं अनधिकृत आधिपत्य के लिये नियम 37 के तहत वेतनमान के आधार पर आवास की पात्रता और लायसेंस शुल्क की दरों का निर्धारण भी संशोधित किया गया है. दाण्डिक मासिक किराया 10 गुना से बढ़कर 30 गुना किया गया है. प्रति माह 10 प्रतिशत की उत्तरोत्तर वृद्धि की जायेगी. कैबिनेट ने अति उच्च दाब पारेषण 132 केवी और उससे बड़ी लाईन बिछाने के लिए किसानों को दी जाने वाली मुआवजा/क्षतिपूर्ति राशि में वृद्धि करने की स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृति अनुसार टॉवर लगाने पर दी जाने वाली क्षतिपूर्ति राशि को 85 प्रतिशत से बढ़ाकर 200 प्रतिशत किया गया है.

### सभी भारिया, बैगा, सहरिया के घर रोशन होंगे

प्रदेश में भारिया, बैगा और सहरिया जनजाति के घर हर हाल में बिजली से रोशन होंगे, ऐसे घर जहां अब तक बिजली की पहुंच नहीं है, उनके लिये कैबिनेट ने मंगलवार को प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान अंतर्गत प्रदेश में पीवीटीजी समूहों यथा भारिया, बैगा एवं सहरिया समुदाय के घरों के विद्युतीकरण के लिए विद्युत वितरण कंपनियों की अतिरिक्त कार्ययोजना द्वितीय चरण को मंजूरी दी है .



## सनातन परंपरा को बढ़ा रहा कलचुरी समाज

▶ कलचुरी समाज जब-जब याद करेगा, मुझे अपने साथ पाएगा

**भोपाल, 28 अक्टूबर. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को भोपाल के भेल दशहरा मैदान में भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल होकर समाजजनों को संबोधित किया।**

उन्होंने भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और शोभायात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि कलचुरी समाज सनातन परंपरा और भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है.

समाज ने अपनी मेहनत और ईमानदारी से समाज में एक विशिष्ट पहचान बनाई है. उन्होंने कहा, कलचुरी समाज जब-जब मुझे याद करेगा, मुझे अपने साथ पाएगा. इस अवसर पर कलचुरी समाज द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत कर तलवार भेंट की गई, साथ ही समाज की वार्षिक पत्रिका का विमोचन भी किया गया. महापुरुषों द्वारा बताए गए आदर्शों पर चलकर ही समाज और राष्ट्र का उत्थान संभव है.

कार्यक्रम में पार्टी की प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, महापौर मालती राय, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, तथा कलचुरी समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


### महापुरुषों के बताए मार्ग पर चले युवा पीढ़ी

अपने संबोधन में खण्डेलवाल ने कहा कि कलचुरी समाज मेहनती और कर्मनिष्ठ समाज है, जिसने हमेशा राष्ट्र और समाज के निर्माण में योगदान दिया है। समाज के वरिष्ठजन और पदाधिकारी युवाओं को प्रेरित करें कि वे सनातन संस्कृति और राष्ट्रवाद के मार्ग पर चलते हुए देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाएँ। उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं को अपने महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर नए कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में कार्य करना चाहिए।

## भाजपा-संघ की भ्रष्टाचार की पार्टनरशिप

### दिग्विजय का बड़ा हमला- प्रदेश में लूट का माहौल

**शिवपुरी, 28 अक्टूबर. पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को शिवपुरी में भाजपा और आरएसएस पर सीधा हमला बोला है।**



उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों संगठन मिलकर जनता को लूट रहे हैं, और प्रदेश में भ्रष्टाचार की खुली पार्टनरशिप चल रही है। सिंह ने दावा किया कि ठेकों से लेकर सरकारी योजनाओं तक में कमीशन तय है, जहां एक लाख के काम में 30 से 40 हजार रुपए रिश्वत में चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिकाएं और परिषदें लूट का अड्डा बन गई हैं और भाजपा नियमों में बदलाव कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। आरएसएस की ईमानदारी पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा, संघ अब चना खाने वाला संगठन नहीं रहा, ये लोग भ्रष्टाचार का हिस्सा बन चुके हैं।

पूर्व सीएम ने प्रदेश में जंगलराज चलने और भाजपा नेताओं के इशारे पर हिंसा व झूठे केसों का आरोप लगाया। उन्होंने किसानों की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त की, कहा कि खाद की कमी है और किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। गीली मक्का समर्थन मूल्य 2400 से बहुत कम 800-1000 में बिक रही है।


## आवश्यकता है केयर टेकर की

आवश्यकता है भोपाल में लकवा के मरीज की देखभाल के लिए एक फुल टाइम केयरटेकर की, जो मरीज की संपूर्ण देखभाल कर सके.

कम से कम दो वर्ष के अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता.

12 घंटे की ड्यूटी, वेतन- 15000/-

संपर्क करें

9826461065





## योजना में धोखाधड़ी का लगाया आरोप

**भोपाल.** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर 'लाड़ली बहना योजना' के तहत करोड़ों महिलाओं को धोखा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस योजना को बड़े प्रचार के साथ शुरू किया था, लेकिन अब यह झूठ और विश्वासघात का प्रतीक बन चुकी है। पटवारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने वादा किया था कि जून 2023 से प्रत्येक लाड़ली बहना को ?3,000 प्रति माह दिया जाएगा। लेकिन वास्तविकता यह है कि शुरुआत में केवल 1,000 प्रति माह दिए गए और अक्टूबर 2023 में जनता के दबाव के बाद राशि बढ़ाकर 1,250 कर दी गई। पटवारी के अनुसार, यदि भाजपा ने अपना चुनावी वादा पूरा किया होता, तो अब तक 1,09,620 करोड़ का भुगतान किया जाना चाहिए था।









स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14